# हास्य नाटक स्क्रिप्ट इन हिंदी pdf (Audition) | Hasya Natak Script in Hindi PDF

## पूर्वाभास :

हैलो नमस्कार , कैसे हो सब उम्मीद करता हु बढ़िया ही होंगे| तो दोस्तों आज के इस आर्टिकल मे हम आपके लिए एक hindi audition script लेकर आए है " **हास्य नाटक स्क्रिप्ट इन हिंदी pdf | Hasya Natak Script in HIndi PDF " |** यह स्क्रिप्ट मे एक monologue है जो की थोड़ी कॉमेडी थोड़ी मस्ती और चटपटे dialogues से भरा हुवा है |

यहा दो दोस्त है जो की कॉलेज से एक दूसरे के साथ रहे हुए है , साथ ही अब एक ही कंपनी मे जॉब करते है और एक ही रूम मे रहते है | दोन्हों का आपस मे बान्डिंग बहुत ही अच्छा है | वे एक दूसरे से ऐसे ही मजाक मस्ती मरते रहते है | आज संडे है और काम नहीं जाना है फिर भी उसमे से एक दोस्त सुबह सुबह तय्यार होकर कही बाहर जाने के लिए निकला है और दूसरा उसकी मजा ले रहा है | **अब आगे...... [ हमे फॉलो करे** ( **Instagram** , **Facebook** , **Youtube** , **Whatspp Channel** ) ]

## पात्र:

लड़का ( उम्र लघबग़ २५-३५ साल )

## समय:

१ मिनट 30 सेकंद

## हास्य नाटक स्क्रिप्ट इन हिंदी pdf फॉर मेल | Hasya Natak Script in Hindi PDF For Male

तेरे मस्त मस्त दो नैन, मेरे दिल का लेगये चैन

मेरे दिल का लेगये चैन, तेरे मस्त मस्त दो नैन।

क्यो सही कहा ना, लगता है किसी के दो मस्त मस्त नैनों ने मेरे भाई के दिल का चैन चुराया है और इसीलिए आज सुबह सुबह चोरी छुपे तैयारी की जा रही है। अब अगर मै नहीं उठता तो बन्दे को पता भी नहीं चलता की यह सवारी आज कहा गयी है ।

क्या क्या?? मंदिर मे ...तु क्या मुझे पागल समजता है ? तिन साल से तेरे साथ रहता हू । तेरी हर एक बात जानता हु। अबे zoom call पर शर्ट के निचे नाइटी पहनने वाला तु ये सब मुझे मत सिखा।

सुन वो इंस्टाग्राम वाली है क्या ? या फिर वो नई वाली जूनियर HR आ..!

" जरा सुनिए मेरा पेन ख़त्म हो गया है मिलेगा क्या ?... वो जरा घर मे प्रॉब्लम है एडवांस सैलरी चाहिए थी, कल छुट्‌टी ले सकता हु क्या तबियत खराब है। "

**(उसकी action करके दिखाता है और जोर जोर से हसता है।)**

हा हा हा हा हा।।।।।

वैसे वो इंस्टाग्राम वाली भी हो सकती है जिसे सुबह श्याम तू चाय के कप की फोटो भेजता है। कुछ भी बोल लेकिन एक बात है तेरे रिजल्ट के दिन जो देखी थी उसके वही खुशी आज देख रहा हु।

**(बोलते बोलते परफ्यूम की खुशबु आती है उसे सूंघता है)**

एक मिनट इधर आ .... ये परफ्यूम कहासे आया और इतने दिन कहा था? कल जब मेरा परफ्यूम ख़तम हुवा तो तेरेसे मंगा था तब क्या कहा था , मेरा भी ख़तम हुवा है अब अगले महीने पगार होने के बाद देखते है ।

अब जब छोरी को मिलने जाना है तो बराबर से पैसा आया। तु दोस्त नहीं गद्‌दार है , भूल गया तु तेरे कॉलेज के टाइम तेरे लिए 4-4 दिन भूखा सोया था। चार दिन थोड़ा ज्यादा हि हुवा नहीं ? 2 -2 दिन भूखा सोया था। वैसे 2 भी ज्यादा हि है पर सिचुएशन के हिसाब से चल जायेगा। (थोड़ा कॉमेडी रोते हुए ...)

तुझे हमारी दोस्ती की कसम जाने से पहले तु कहा जा रहा है ये मुझे बताकर हि जाना पड़ेगा वर्णा आज तो बेड से उठेगा हि नहीं । (थोड़ा साइलेंट कॉमेडी के मुड़ मे) वैसे भी आज संडे है , छोड़ मस्त सोता हु।

[ **हमे फॉलो करे** ( **Instagram** , **Facebook** , **Youtube** , **Whatspp Channel** ) ]

**Comedy Monologue in Hindi | कॉमेडी मोनोलॉग इन हिन्दी**

**Hindi Monologues For Females | हिन्दी मोनोलॉग फॉर फीमेल**

Website: www.marathiauditionscript.com